हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

11 सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति मुहिम में आमजन की भागीदारी जरूरी



12 कल की हड़ताल में भाग लेंगे पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल के कर्मचारी




MR DEGREE COLLEGE
।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

# गठित बोर्ड के चिकित्सक छुट्टी पर, अमरनाथ यात्री मेडिकल बनवाने को 15 दिन से काट रहे चक्कर

- सीएमओ द्वारा गठित बोर्ड के सभी डॉक्टर चल रहे लगातार छुट्टी पर, मेडिकल बनवाने वाले लोगों को उठानी पड़ रहीं हैं परेशानी
- भाजपा के जिला महामंत्री ने एक महिला चिकित्सक पर लगाया बदतमीजी का आरोप, सीएम को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जम्मू कश्मीर स्थित बाबा अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को प्रारंभ हुई है, जो नौ अगस्त तक चलेगी। देशभर से इस यात्रा में लाखों की संख्या में भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन करने जाते हैं। इस यात्रा का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लेकर जाना अवश्यक होता है। महेंद्रगढ़ जिले से भी हजारों की संख्या में भक्त इस यात्रा में भाग लेते हैं। इस बार अमरनाथ यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने को लेकर सामान्य नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में भी सीएमओ द्वारा एक बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में एसएमओ डॉ. जयप्रकाश, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित, डॉ. पूनम और डॉ. अनिल कुल चार सदस्यों को शामिल किया गया है। इन सदस्यों में एसएमओ डॉ. जयप्रकाश और डॉ. पूनम लगातार लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे हैं, जबकि दो सदस्य हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित और डॉ. अनिल की मेडिकल कॉलेज कोरियावास में ड्यूटी लगा दी गई है। पिछले 15 दिनों से अमरनाथ जाने वाले यात्री सभी मेडिकल टेस्ट करवाने के बावजूद चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इन यात्रियों में भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा और उनके माता-पिता सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं।



महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को भेजी गई शिकायत।

### भाजपा महामंत्री ने यह लगाए आरोप

*भाजपा जिला महामंत्री ने बताया कि हम सभी बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर है। सोमवार को सीएमओ डॉ. अशोक से बात करने पर उन्होंने एसएमओ डॉ. जयप्रकाश और डॉ. बाबूलाल से मिलने को कहा। जब वह अस्पताल गए तो एसएमओ डॉ. जयप्रकाश छुट्टी पर मिले तो डॉ. बाबूलाल से मिले। डॉ. बाबूलाल ने एक महिला चिकित्सक से मिलने को कहा। इस चिकित्सका से मिलने पर उन्होंने बदतमीजी शुरू कर दी। अपने परिवार के सदस्यों के कागज हाथ में लिए भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा को कहा कि आप तो एजेंट हैं, आपका तो ऐसे की फाइल लेकर चक्कर काटने का काम है। अमित मिश्रा ने उनसे बताया कि उनकी सीएमओ से बात हुई है और उन्होंने आपसे मिलने को कहा है तो महिला चिकित्सक गुस्से में आ गई और कहने लगी तो सीएमओ से ही करवा लेना, वह नहीं करेंगी और यह बोलकर कागज फैंकते हुए 11:30 बजे ही गाड़ी में बैठकर चली गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से इस प्रकार के लापरवाही पूर्ण और गैर जिम्मेदाराना हरकत से अमरनाथ यात्री बहुत परेशान हैं। महामंत्री का कहना है कि जागरूक लोगों के साथ अस्पताल के कर्मी ऐसी हरकत करते हैं तो अन्य लोगों के साथ यह कैसी हरकत करते होंगे। इस विषय को लेकर महामंत्री ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इसकी एक-एक प्रति स्वास्थ्य मंत्री, उपायुक्त व सीएमओ को भी भेजी है।*

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**मंडी अटेली।** अटेली गांव के पास फ्रंट कॉरिडोर लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से 45 वर्षीय अश्वनी कुमार की मौत हो गई। वह अटेली गांव का रहने वाला था। यह घटना अटेली से न्यू डाबला की ओर जा रही मालगाड़ी के दौरान हुई। जीआरपी चौकी प्रभारी नारनौल कैलाश शर्मा ने बताया कि हादसे में अश्वनी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### यात्रियों की सुविधा हेतु डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी

**नारनौल।** रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा में चार द्वितीय शयनयान (अनारक्षित) श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 09733/09734 जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा में जयपुर से आठ जुलाई से 31 जुलाई तक व भिवानी से आठ जुलाई से 31 जुलाई तक चार द्वितीय शयनयान (अनारक्षित) श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएगी। अनारक्षित टिकिट वाले यात्री भी इन कोचों में यात्रा कर सकेंगे।

### अटेली रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म अस्थाई बंद

**मंडी अटेली।** रेवाड़ी-रिंगस रेल लाइन के दोहरीकरण के चलते अटेली रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक बंद कर दिया गया है। अब यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो से ट्रेन पकड़नी होगी। यह बदलाव अगले 25 दिनों तक रहेगा। स्टेशन अधीक्षक सुरेश जांगिड़ ने बताया कि पिछले एक साल से रेल दोहरीकरण का काम चल रहा है। इसी कारण प्लेटफार्म नंबर एक को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। यात्रियों को अब प्लेटफार्म नंबर दो तक पहुंचने में ज्यादा समय और परिश्रम करना पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे समय से पहले घर से निकलें।

## दो-तीन दिनों से लग रहे लंबे लंबे पॉवर कट, गर्मी, उमस एवं मच्छरों ने छीना चैन

# बरसात के सीजन में शहरवासी बिजली के लंबे कटों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में बरसात के सीजन में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या बन गई है। शहर के अधिकांश हिस्सों में लंबे समय तक बिजली कटौती हो रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। पॉश कॉलोनियों और अधिकारियों के आवासों को छोड़कर बाकी शहर में बिजली कटौती की समस्या अधिक है। कमाल की बात यह है कि बरसात होने के बावजूद गर्मी एवं उमस से लोग परेशान रहते हैं। रात्रि को मच्छरों के आतंक ने लोगों की नींद हराम कर रखी है।

दिन रात इतनी भारी मात्रा में बिजली कटौती की जा रही है कि लोगों को न दिन में चैन है और न रात्रि को नींद। आमजन बिजली शिकायत केंद्र एवं अधिकारियों को फोन लगा–लगाकर परेशान होते रहते हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

पिछले दो दिनों से तो भारी मात्रा में पॉवर कट लग रहे हैं। बीती रविवार रात्रि को शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप रही। कमाल की बात यह है कि शहर में शहरी फीडरों के अलावा सीमावर्ती कुछ हिस्से में ग्रामीण फीडरों से भी बिजली आपूर्ति की जा रही है। इन ग्रामीण फीडरों से जहां पूरी रात बिजली आती रही, वहीं शहरी फीडरों की आपूर्ति ठप रही। बिजली निगम के कर्मचारी बरसात में करंट लगने की आड़ में समस्या उत्पन्न होने पर उसे समय पर ठीक नहीं करते हैं और बिजली ठप की समस्या निरंतर बनी रहती है।

शहर के निजामपुर रोड स्थित इंडस्ट्री एरिया में बने 33 केवी विद्युत सब स्टेशन इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है, लेकिन अच्छे कारणों से नहीं, बल्कि बिजली कटौती और रोजाना हो रहे फॉल्ट के चलते।

बीती 5 जुलाई को शहर के एक बड़े क्षेत्र की बिजली करीब 8 घंटे तक गुल रही। 6 जुलाई को भी वही हालात दोहराए गए और आज 7 जुलाई को वही हालात बने रहे। बड़ा सवाल यह है कि जब बिजली निगम के अधिकारी समय-समय पर मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए खर्च करते हैं, तो फिर रोज-रोज इतने फॉल्ट क्यों हो रहे हैं?



नारनौल। निजामपुर रोड स्थित 33 केवी विद्युत सब स्टेशन।

### यह कहते हैं अधिकारी

बिजली निगम के एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि बरसात में लाइनों में फॉल्ट ज्यादा आने के कारण यह समस्या बनी हुई है। निजामपुर रोड पर एक पेड़ लाइनों पर गिर गया था। एक दिन पॉवर हाउस का पैनल फट गया था, जिस कारण कुछ परेशानी हुई, लेकिन इन सबकी मरम्मत कर दी गई है तथा अब सुचारु रूप से बिजली दी जा रही है।

***लोगों में पनप रहा रोषः*** राहुल ने बताया कि रविदास मंदिर मार्ग की बिजली नहीं आ रही। सुबह से लोग लाइट के लिए परेशान हो रहे हैं। गोपाल जैन ने बताया कि रात 11 बजे से बिजली नहीं है। फ्रांसखाना की लाइट अभी तक कोई सुनाई नहीं, जबकि विभाग को सूचना दी जा चुकी है। दिल्ली वाली ढाणी और परशुराम कॉलोनी में रात 12 बजे से लाइट नहीं आ रही। मालीटिब्बा के विशाल ने बताया कि यहां पर पिछले 10-12 घंटे से लाइट नहीं आ रही है। बिजली वालों को बार-बार फोन कर रहे हैं, लेकिन उनके फोन का भी कोई जवाब नहीं है। वह फोन भी नहीं उठाते, न उनका फोन मिलता है। इनवर्टर बैटरी भी जवाब दे चुके हैं। परसों 5 जुलाई को भी इसी एरिया की लाइट लगातार 8 घंटे बंद थी। आज भी लंबा कट लगा हुआ है। शहर के इतने बड़े एरिया की लाइट कट है।

### कैलाश नगर में दो जगह से हो रही सप्लाई

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश नगर में बिजली निगम दो अलग अलग फीडरों से बिजली आपूर्ति कर रहा है। मोडावाला स्वर्ग आश्रम तक जहां महावीर चौक से शहरी बिजली दी जा रही है, वहीं इससे आगे के घरों अपार के पीछे बसी सैनियों की कॉलोनी एवं आगे वाटर सप्लाई तक ढाणी कोजिंदा में बने फीडर से बिजली आपूर्ति की जा रही है। पिछली दोनों रातों में अपार होटल तक की शहरी लाइन से जुड़े घरों में लंबे लंबे पॉवर कट लग रहे हैं, वहीं ग्रामीण कोजिंदा की ढाणी के जुड़े घरों में नियमित रूप से बिजली दी जा रही है। चाहे बरसात हो या न हो। उन घरों में शाम एवं रात्रि होने पर भी रोशनी बनी रहती है, लेकिन शहरी लाइन वाले घर परेशान हैं। बिजली कर्मचारी या तो फोन नहीं उठाते या फिर फॉल्ट आने की आड़ में बिजली चालू ही नहीं करते। यहां के लोग चंडीगढ़ सेंटर तक बिजली कंपलेंट कर चुके होते हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पाया और रातभर परेशान रहे।

## अटेली में 115, नारनौल में 84.4, नांगल चौधरी में 52 सतनाली में 51 व महेंद्रगढ़ में 47.5 एमएम बरसात

**नारनौल।** हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून की लय और सुर-ताल देखने को मिल रहा है। सम्पूर्ण इलाका मानसून की झमाझम बारिश से सराबोर हो गया है। आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर लगातार मानसून मेहरबान रहेगा। महेंद्रगढ़ जिला की बात करें तो रविवार रातभर रूक रूक कर बरसात हुई। अटेली में 115, नारनौल में 84.4, नांगल चौधरी में 52, सतनाली में 51, महेंद्रगढ़ में 47.5 व कनीना में 44 एमएम बरसात हुई। यह बारिश एक तरफ किसानों के लिए वरदान साबित होगी। पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबाव के क्षेत्र के असर से आने वाले चार दिनों तक मानसून टर्फ हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर कभी उत्तर में कभी दक्षिणी में बनी रहेगी, जिसकी वजह से आने वाले दिनों 7-10 जुलाई के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्लीः पर मानसून मेहरबान रहेगा। मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि रविवार शाम बाद धीरे-धीरे हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर गर्ज चमक के बादलों का निर्माण हुआ। पहले हरियाणा के दक्षिणी हिस्सों महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी, गुरूग्राम, पलवल, फरीदाबाद, नूंह, मेवात जिलों में झमाझम बारिश और कुछ स्थानों पर तुफानी हवाओं और गर्ज चमक के साथ मूसलाधार बारिश की गतिविधियों को दर्ज किया गया।



कनीना। कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर जमा बारिश का पानी।

### कनीना क्षेत्र में 37 एमएम बारिश

कनीना। क्षेत्र में रविवार रात से सोमवार सुबह तक रूक रूककर हुई 37 एमएम बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली है। वहीं खेतों में बाजरे लहलहाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिंचाई के अभाव में ये फसल मुरझाने लगी थी। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। दूसरी ओर बारिश के चलते विभिन्न निचले स्थानों पर पानी जमा हो गया। जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। लोकनिर्माण विभाग की ओर से कनीना महेंद्रगढ़ सडक मार्ग के दोनों ओर बनाए गए नाले का कनेक्शन नहीं करने से रेवाड़ी मोड़ पर पानी जमा हो गया। जिससे हालात खराब हो गए।

***क्या कहती है नपा चेयरपर्सनः*** नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि बरसात के पानी की निकासी के लिए नालों की सफाई करवाने के साथ जोहड़ों की छटाई करवाई गई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले का कार्य अधूरा छोड़ने से मुख्य मार्ग पर पानी भर रहा है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सीवरेज सिस्टम को दुरूस्त नहीं किया गया है।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले फाइनेंसरों की गिरफ्तारी की मांग

- सहरावत खाप ने सौंपा ज्ञापन
- चेलावास निवासी मृतक की पत्नी की शिकायत व सुसाइड नोट मिलने पर महिला सहित चार के खिलाफ पुलिस ने किया था केस दर्ज
- 26 मई तक 10 लाख रुपये देने का बनाया था दबाव, नहीं देने पर ट्रैक्टर उठवाने की दी थी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना विकास खंड के गांव चेलावास निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति से लाखों रुपये ऐंठने के चलते आत्महत्या के मामले में सोमवार को सहरावत खाप ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर कथित फाइनेंसरों की गिरफ्तारी की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में सहरावत खाप के पदाधिकारियों ने चार कथित फाइनेंसरों की ओर से लाखों रुपये एंठने पर मानसिक दबाव में आकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की बात कही है।

खाप के राष्ट्रीय प्रधान मूलचंद, सलाहकार सूरजभान, तालमेल कमेटी प्रमुख मुखत्यार सिंह, जिला प्रधान रामधन सिंह, संदीप सहरावत, अशोक सेहरावत, अजीत सिंह, विनय सहरावत दिल्ली, विक्की, अजय, कुलदीप, रमेश की ओर से बताया गया कि मृतक से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था। जिसे लेकर मृतक कृष्ण की पत्नी माया देवी की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने चार नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। माया देवी के हवाले से खाप प्रतिनिधियों ने बताया कि 45 वर्षीय कृष्ण कुमार से नीतू, पवनवीर, योगेश वासी मेघनवास की ढाणी हाल आबाद गुढ़ा ने दबाव बनाकर अब तक 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसी प्रकार एयू फाइनेंस कम्पनी कर्मचारी आशीष ने बैंक लोन क्लीयर करने के नाम पर दो लाख 10 हजार रुपये की तीन किश्त ले गया, लेकिन लोन क्लीयर नहीं किया। योगेश कुमार व अन्य की ओर से 26 मई तक 10 लाख रुपये उपलब्ध करवाने अन्यथा ट्रैक्टर उठाने का दबाव बनाया गया था। जिसे लेकर उसका पति बेहद परेशान था। 27 मई को सुबह उन्होंने जहर खा लिया। उन्होंने कहा कि दोषियान पहुंच बड़े राजनीतिक घरानों से होने के कारण पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर रही है, जिससे वे खुले घूम रहे हैं।



कनीना। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते सहरावत खाप के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### न्याय दिलाने के लिए किया जाएगा हरसंभव प्रयास

इस बारे में ज्ञापन प्राप्त करने के बाद नायब तहसीलदार दलबीर सिंह ने बताया कि उचित माध्यम से उपरोक्त ज्ञापन उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, व्यक्ति की मौत

**कनीना।** कनीना कोसली सड़क मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी पहचान 52 वर्षीय इंद्रसिंह वासी नाहड़, जिला रेवाड़ी के रूप में हुई है। मृतक के भाई करण सिंह ने बताया कि इंद्रसिंह की सतनाली चौक महेंद्रगढ़ में ट्रैक्टर रिपेयर की दुकान है। रविवार रात करीब आठ बजे वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था कि कोटिया गांव के समीप सामने से तेज गति से आ रही एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। वाहनों की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति सड़क पर जा गिरा तथा जख्मी हो गया, वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने घायल को उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# किसान व भवन मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

किसान संगठन व भवन निर्माण मजदूर यूनियन की तरफ से उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग की गई कि बढ़ा हुआ रेल कराया, रसोई गैस के दाम, हरियाणा में बीपीएल परिवारों को मिलने वाले खाद्य तेल के बढ़े दाम, स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली के बढ़े रेट को वापिस लिए जाएं।

किसान नेता कामरेड बलबीर सिंह व यूनियन के प्रधान सीताराम ने कहा कि देश–प्रदेश की जनता पहले ही महंगाई की मार से त्रस्त है। ऐसे में आवश्यक चीजों, रेल व बिजली के रेट बढ़ाकर जनता को और संकट में डाल दिया है। सरकार को चाहिए तो यह था कि आवश्यक वस्तुओं व आवश्यक सेवाओं के दाम कम किए जाते, बल्कि इसके विपरीत इनके दाम बढ़ाकर सरकार ने आम जनता विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है।

चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार हो, आमजनता के खिलाफ तथा बड़े उद्योगपतियों व पूंजीपत्तियों के हित में फैसले लागू किए जा रहे हैं। सरकारी दावों के विपरीत भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। जनता की कुल आय भी कम हो रही है। इलाज की दवाइयां व पढ़ाई भी महंगी हो रही हैं। मौके पर कामरेड सीताराम, महावीर, यादराम, सत्यवीर व रामौतार आदि मौजूद रहे।



नारनौल। डीसी कार्यालय के सुपरीडेंट को ज्ञापन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय अंधत्व व दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रमः उज्ज्वल दृष्टि अभियान का 11 से होगा आगाज

# 45 से अधिक आयु वर्ग को मुफ्त चश्मे व मोतियाबिंद का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हर नागरिक के स्वास्थ्य के प्रति मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मानवीय व प्रगतिशील सोच के अनुरूप हरियाणा सरकार ने दृष्टिहीनता को जड़ से खत्म करने के संकल्प के साथ एक महत्वपूर्ण पहल की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हरियाणा उज्ज्वल दृष्टि अभियान का आगाज आगामी 11 जुलाई से किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को निःशुल्क नेत्र जांच और चश्मे उपलब्ध कराकर उनकी आंखों को नया जीवन देना है। साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का सरकारी अस्पतालों में मुफ्त ऑपरेशन भी किया जाएगा।

### तीन सर्वश्रेष्ठ जिलों को राज्यस्तर पर किया जाएगा सम्मानित

उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद की जांच व ऑपरेशन के आंकड़ों के आधार पर तीन सर्वश्रेष्ठ जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि इस अभियान को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें इस जन कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हैं। उन्होंने बताया कि शहरियाणा उज्ज्वल दृष्टि अभियान न केवल दृष्टिहीनता को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह प्रदेश के बुजुर्गों और जरूरतमंदों के प्रति सरकार की मानवीय और प्रगतिशील सोच को भी दर्शाता है। यह योजना निश्चित रूप से लोगों के जीवन में उजाला लाएगी और उन्हें एक स्वस्थ व सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगी।



उप सिविल सर्जन डॉ. नवीन कुमार ने इस अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में इस पहल के लिए 5500 चश्मे प्राप्त हो चुके हैं। यह अभियान प्रदेश के हर नागरिक के स्वास्थ्य के प्रति हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का परिचायक है। सरकार का यह प्रयास निश्चित रूप से समाज के उस वर्ग को लाभान्वित करेगा, जिसे अक्सर अपनी आंखों की देखभाल के लिए आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हाल ही में महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह एनपीसीबीवीआई और उप निदेशक डॉ. जगदीप ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी सिविल सर्जन और उप सिविल सर्जन के साथ बैठक लेकर इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा



बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना



असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।

## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए सजग रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे।

### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़े ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा
शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी।

---

परवरिश
दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर



अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे



सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।

**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें।

---


मेकअप
सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।


**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्यचराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।



**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी।



**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

डाइट
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।

**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।











**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### फिजिकल काउंसलिंग से प्रवेश के लिए अवसर

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का नाम प्रथम व द्वितीय मेरिट सूची में नहीं आया है, उनके लिए अब लेफ्टओवर सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी इच्छुक विद्यार्थी जिन्होंने पहले से आनलाइन आवेदन किया हुआ है, लेकिन उन्हें अभी तक प्रवेश नहीं मिला है, वे नौ जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक महाविद्यालय में स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संबंधित प्रवेश समिति से संपर्क करें।

### श्रीश्याम बाबा का जागरण किया

**नारनौल।** श्रीश्याम अरदास मंडल के तत्वावधान सीआईए रोड गली नंबर एक में सुभाष सैनी के निवास स्थान पर श्याम बाबा का कीर्तन किया गया। जिसमें श्रीश्याम बाबा का दरबार रंग बिरंगे लाइटों व फूलों से सजाया गया। जिसमें प्रदीप शर्मा ने मुख्य यजमान सुभाष, उनकी पत्नी व परिवार सहित बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। गौरव म्यूजिक ग्रुप से सुनील कुमार ने गणेश वंदना कर जागरण का शुभारंभ किया।

### गुरु कृपा दुखों से दिला सकती है मुक्तिः आचार्य

**नारनौल।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर अग्रवाल सभा में आयोजित की जा रही श्रीराम कथा दूसरे दिन बागेश्वर धाम से पधारे आचार्य रोहित रिछारिया ने गुरु की महिमा के बारे में भक्तों को विस्तार से बताया। इस भवसागर से यदि किसी को पार होना है, तो गुरु की शरण में अवश्य जाए, क्योंकि गुरु ही एक ऐसा साधन है, जो जीवात्मा को परमात्मा तक पहुंचने का अद्भुत कार्य करता है।

# टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और 01282225472 1 पर भी कर सकते हैं संपर्क

**सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की वेबसाइट पर कर सकते ऑनलाइन पंजीकरण**

- बिचौलियों से रहे सावधान, कानूनी प्रक्रिया से ही ले बच्चा गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में एडॉप्शन हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि निसंतान दंपति अगर बच्चा गोद लेने की सोच रही है, तो उन्हें दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के बारे में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में एडॉप्शन हेल्प डेस्क पर पूरी जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि पूर्ण जानकारी नहीं होने पर बिचौलियों के बहकावे में आकर निसंतान दंपति ठगी का शिकार होते जा रहे हैं। बच्चा गोद लेने व देने के लिए सरकार ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं दत्तक ग्रहण विनियम 2022 बनाया हुआ है। इसके अनुसार बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया में मुख्य रूप से सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और कानूनी कार्रवाई की जानकारी देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में भी करवाया जा सकता है।

सौतेली माता पिता की ओर से दत्तक ग्रहण, रिश्तेदार द्वारा गोद लेना भी कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से ही करवाना चाहिए। इसमें आमतौर पर जैविक माता पिता की सहमति आवश्यक होती है, लेकिन यदि उनकी मृत्यु हो गई हो या वह सहमति देने में असमर्थ हो तो बाल कल्याण समिति की अनुमति की आवश्यकता होती है।

**बच्चे को खरीदना या बेचना कानूनन जुर्म**

संरक्षण अधिकारी सुषमा यादव ने बताया कि किसी भी बच्चे को खरीदना या बेचना कानूनन जुर्म है। किसी भी बच्चे को गोद दिए या ले जाने की एक पूरी कानूनी प्रक्रिया है, अगर कोई गैर कानूनी तरीके से बच्चा गोद ले लेता है या देता है तो वह दत्तक ग्रहण मान्य नहीं है और बच्चे को बेचता या खरीदना है, तो उसे किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार कम से कम तीन वर्ष की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास के जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की पूरी जानकारी और पंजीकरण निःशुल्क कराया जा रहा है। सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उनकी जानकारी ली जा सकती है।

**सभी स्टेकहोल्डर को भी दिया जाता है प्रशिक्षण**

जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता गरिमा वर्मा ने बताया कि इकाई का प्रयास है कि जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल के द्वारा किसी भी प्रकार के गैर कानूनी दत्तक ग्रहण न हो जिला बाल संरक्षण नारनौल के द्वारा कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण के लिए समय समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप लगाए जाते रहे हैं, भविष्य में भी यह कैंप जारी रहेंगे। सभी स्टेकहोल्डर को प्रशिक्षण भी दिया जाता रहता है। अन्य किसी जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय गली नंबर एक नजदीक स्टार किड्स प्ले स्कूल शास्त्री नगर महेंद्रगढ़ रोड में आकर जानकारी ले सकते हैं या टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रामपुरा के निखिल शर्मा ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

**मंडी अटेली।** लगन परिश्रम और जज्बा हो तो कोई भी कठिन कार्य मुश्किल नहीं है। चुनौतियों से संघर्ष करने वाले कभी असफल नहीं होते। इन्हीं बातों को अमल करते हुए अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा निवासी निखिल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित परीक्षा के पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर अटेली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर गांव के मास्टर बिशन ने उनके गांव निखिल शर्मा तीसरा सीए बना है। निखिल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी दादी संतोष देवी, माता मंजू देवी पिता मुकेश शर्मा, चाचा सुरेश, विक्की, हरीश, बड़ी बहन सीए, सीएस अंकिता शर्मा एवं गुरूजनों को दिया है।



## नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति मुहिम में आमजन की भागीदारी जरूरी

- नशा व सड़क दुर्घटना दोनों एक-दूसरे के पूरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस, नशामुक्ति व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशानिर्देशों में सड़क सुरक्षा नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जागरूकता व्याख्यान, जागरूकता रैली निकालने का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा आमजन लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक करना और नशा मुक्ति के महत्व के बारे में शिक्षित करना है।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान के महत्व को समझना व उसके नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिवर्ष सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं या गंभीर रूप से घायल होते हैं। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके न केवल हम अपनी जान की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते है। उन्होंने कहा कि नशा व सड़क दुर्घटना दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। नशे में चूर वाहन चालक द्वारा दुर्घटनाओं को अंजाम देना बहुत सम्भव है। सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति मुहिम में आमजन की भागीदारी जरूरी है।

नशा एक गंभीर जोखिम है, जो सड़क दुर्घटना की संभावना को बढ़ा देता है। नशे में वाहन चलाने से न केवल चालक बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ता भी खतरे में पड़ जाते हैं। सड़क की सुरक्षा के लिएए यह बहुत जरूरी है कि हम नशे से दूर रहें और जिम्मेदारी से वाहन चलाएं। कार्यक्रम के सहसंयोजक महाविद्यालय कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने बताया कि रैली के माध्यम से छात्राओं ने आमजन को नशे से दूर रहने की अपील की व यातायात नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए।



**नारनौल।** जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व कॉलेज स्टाफ।

**नशा करके वाहन चलाना दुर्घटना का कारण**

सीनियर प्रो. डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि नशा करके वाहन चलाना अक्सर दुर्घटना का कारण बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सोनू जागलान, डॉ. धीरज, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सोमवीर चन्द्र, पुस्तकालयाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रिंस कुमार, मंजीत कुमार, गौरव, आशीष कुमार, दुष्यन्त, क्षत्रपाल, संजय वार्डन आदि स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# 12 को आएंगे दिग्विज चौटाला

- जिला कार्यालय में जजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

जननायक जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में जिला प्रधान राजकुमार खातोद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रधान महासचिव प्रोफेसर रणधीर सिंह चिका रहे। प्रदेश प्रधान महासचिव ने बताया कि 12 जुलाई को पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला जिले की चारों विधानसभा में तीन तीन गांव में युवा जोड़ों अभियान के तहत जनसभाएं करेंगे। इन प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता साथियों से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने प्रदेश प्रधान महासचिव को विश्वास दिलाया कि जिले के सभी प्रोग्राम हरियाणा में एक नंबर के होंगे। जिला प्रदेश में नया इतिहास रच देगा।



**नारनौल।** बैठक करते जजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अमर सिंह ब्रह्मचारी, नारनौल हलका प्रधान सुरेंद्र पटीकारा, नांगल चौधरी प्रभारी विनोद भील, नारनौल हलका महिला अध्यक्ष सोनिया धनखड़, प्रमोद तांखर अधिवक्ता, अटेली से बेदू रातां, महेंद्रगढ़ से दिनेश खुड़ाना, वीरेंद्र घटाशेर, सुरेश शास्त्री, विजयपाल अधिवक्ता, अशोक सैनी, सिकन्दर गहली, अजय चौधरी अधिवक्ता, हरचंद मास्टर, जिले गुर्जर, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, संदीप भांखर, चैनसुख, अभिषेक कुहरावता, धर्मवीर प्रधान आदि उपस्थित थे।

# श्रीकृष्णा स्कूल के पूर्व छात्र ने पाई सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता

**नारनौल।** सीए फाइनलिस्ट में प्रवेश के लिए आईसीएआई दिल्ली की ओर से आयोजित परीक्षा सीए इंटरमीडिएट का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ। इस परीक्षा परिणाम की सीए फाइनलिस्ट में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका के छात्र रहे सूजल पुत्र प्रदीप गांव ढाणी खातियान ने सीए फाइनल लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाकर न केवल विद्यालय, अपितु क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य है कि छात्र सूजल अपने सत्र काल के दौरान कक्षा 12वीं के सीबीएसई बोर्ड में 96.4 प्रतिशत अंक लेकर क्षेत्र को टॉप किया था। सीए फाइनल लिस्ट में चयनित छात्र सूजल को स्कूल विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य वेदपाल यादव ने कहा कि यह उपलब्धि स्कूल व क्षेत्र के लिए भी गौरव व सम्मान की बात है। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई दी व अन्य छात्रों को इस तरह सफलता हासिल करने के लिए प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कुल चार विद्यार्थी सूजल, रीमा, प्रीति व प्रियंका ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण की है व सूजल ने सीए फाइनल लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया।




**महेंद्रगढ़।** छात्र उत्तम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मॉडर्न स्कूल के उत्तम का जिला स्तरीय खो-खो टीम में चयन

**महेंद्रगढ़।** ओपन जिला स्तरीय महाकुंभ खो-खो प्रतियोगिता कोयल पब्लिक स्कूल खटौटी में आयोजित की गई। लड़कों की इस ओपन जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल के उत्तम (कक्षा 10वीं अल्फा) का चयन किया गया है। उत्तम मॉडर्न स्कूल की तरफ से जिला महेंद्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। जिन विद्यार्थियों का जिला स्तर की टीम में चयन हुआ है वे विद्यार्थी राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 11, 12 व 13 जुलाई को राज्य स्तर की प्रतियोगिता पानीपत में आयोजित की जाएगी। राज्य स्तर पर जो प्रतियोगिता पानीपत में आयोजित होगी। उन प्रतियोगिता में विद्यार्थी 11, 12 व 13 जुलाई को भाग लेंगे। उत्तम का जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, डीएड विभागाध्यक्ष हरिओम वर्मा, बीएड विभाग के कंप्यूटर सहायक जेपी यादव, अध्यापक रामसिंह, राकेश कुमार, अध्यापिका शकुंत सहरावत, शारीरिक शिक्षिका बिंटी रानी तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्तम को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। निदेशक हवा सिंह यादव ने उत्तम तथा उसके अभिभावकों को शुभकामना दी।

### सीए परीक्षा परिणाम में हैप्पी स्कूल के छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन


ईशा अग्रवाल चिराग घनश्याम


आशीष लोकेश

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने सीए के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। छह जुलाई को घोषित परिणाम में ईशा अग्रवाल पुत्री कमल किशोर ने सीए के तीनों स्तर पार करते हुए सीए बनने की दौड़ में सफलता प्राप्त की, वहीं चिराग अग्रवाल पुत्र राजेश अग्रवाल ने आईपीसीसी सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। लोकेश पुत्र सुरेश नारदिया, आशीष पुत्र राजेंद्र सिंह और घनश्याम अग्रवाल पुत्र सुरेश कुमार ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉमर्स विषय के अध्यापक पवन कुमार, अध्यापिका संतोष यादव और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल के अनुसार यह इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट् (सीए) डिग्री का फाउंडेशन, पहला और दूसरा स्तर का कोर्स शामिल। इसका पाठ्यक्रम भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट् संस्थान (आईसीएआई) संचालित करता है, आईपीसीसी कोर्स पूरा करने के बाद, उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंसी में अंतिम स्तर के लिए योग्य हो जाता हैं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने बताया कि छात्र सीए की मदद से आधुनिक दुनिया के आवश्यक ज्ञान और तकनीकों को समझते हैं और कामयाब होते हैं। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई प्रेषित की।


# डॉ. धर्मवीर द्वारा लिखित योग ए वे ऑफ लाइफ पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

डॉ. धर्मवीर यादव की ओर से इंग्लिश मीडियम में लिखित पुस्तक योग ए वे ऑफ लाइफ का विमोचन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. वेदप्रकाश यादव, मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, प्रोफेसर रमेश, योगाचार्य योगेंद्र ब्रह्मचारी, राष्ट्रीय कवि संगम के जिला अध्यक्ष मुकुट अग्रवाल, साहित्यकार तेजभान कुकरेजा व हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव ने किया। पुस्तक के लेखक धर्मवीर ने बताया कि इससे पहले योग ए वे ऑफ लाइफ पुस्तक हिन्दी माध्यम में लिखी गई थी, जो देश में सेंट्रल स्कूल, नवोदय विद्यालय, निजी, सरकारी, एडेड स्कूलों में पढ़ाई जाती है।

उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड, भारतीय बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य राज्यों के बोर्ड में इस पुस्तक को विद्यालयों में हिंदी माध्यम में इस पुस्तक को पढ़ाया जाता है। इसके अतिरिक्त इस पुस्तक को कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सैद्धांतिक तथा प्रैक्टिकल के तौर पर पढ़ाया जाता है। वर्तमान में पुस्तक की लोकप्रियता को देखते हुए इसकी मांग इंग्लिश मीडियम के साथ साथ अन्य भाषाओं में भी होने लगी। जिसके बाद उन्होंने इस पुस्तक को योग शिक्षिका सायोनारा, योग विशेषज्ञ डॉ. सुधा और महिपाल रौनक पब्लिकेशन दिल्ली के सहयोग से बहुत कम समय में विद्यार्थियों के साथ योग शिक्षकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रकाशित किया। अन्य भाषाओं में भी इस पुस्तक पर कार्य चल रहा है।

डॉ. वीपी यादव ने कहा कि यह पुस्तक योग साधकों के साथ



**नारनौल।** योग पुस्तक का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने सीए इंटर व फाइनल में हासिल की बड़ी सफलता


महेंद्रगढ़। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

हाल ही में घोषित सीए इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के परिणामों में यदुवंशी स्कूल के छह छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाई किया। सीए परीक्षा तीन चरण में होती है। सीए फाउंडेशन में क्वालीफाई विद्यार्थी ही सीए इंटर व सीए फाइनल की परीक्षा तक पहुंचते हैं। विद्यार्थी अपनी कठोर मेहनत से यह परीक्षा उत्तीर्ण कर पाता है। सीए इंटर में यदुवंशी महेंद्रगढ़ के तीन छात्र वर्षा, वर्षा सिंगला व प्रीति तथा सीए फाइनल में अंकित शर्मा, महक मोदी, कनिष्क तायल उत्तीर्ण रहें। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों व परिवारजनों को दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी फल है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त करना छात्रों के लिए पेशेवर करियर की शिक्षा में पहला अहम कदम होता है। संस्था से शिक्षा ग्रहण कर सैकड़ों विद्यार्थी सीए आडिटर व बड़ी-बड़ी कंपनियों में प्रबंधक रूप में कार्य कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने भी सभी सफल छात्रों को शुभकामना दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगेः जिलाधिकारी

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हुडीना में 'बढ़ते कदम' शीर्षक से दिव्यांगजन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

राष्ट्रीय ट्रस्ट (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) एवं संतोष मेमोरियल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी, हुडा सेक्टर-एक नारनौल के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हुडीना में दिव्यांगजनों के लिए बढ़ते कदम शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी अमित शर्मा का स्वागत संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव द्वारा फूलमाला पहनाकर किया गया। जिलाधिकारी अमित शर्मा ने सरकार की समावेशी नीतियों तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए यह विश्वास दिलाया कि सभी पात्र लाभार्थियों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। विशिष्ट अतिथि संतोष मेमोरियल पुनर्वास केंद्र की चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता ने निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना, घरौंदा संस्थागत देखभाल योजना, समर्थ योजना एवं स्वावलंबन योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी तथा इनके सफल क्रियान्वयन हेतु सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हुडीना की प्राचार्य मनीषा याद, समाजसेवी कैप्टन हंसराज यादव एवं पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रघुवीर सिंह ने विशेष सहभागिता निभाते हुए दिव्यांगजनों के प्रति सहयोग एवं संवेदनशीलता को सामाजिक उत्तरदायित्व बताया। प्राचार्य डॉ. आरएन यादव द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बौद्धिक विकलांगता, ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर) सेरेब्रल पाल्सी एवं बहु-विकलांगता से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों एवं पुनर्वास सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। पंजीकरण डेस्क पर सुरेंद्र, दिनेश, शिवानी, शुभम, अनु, मंगला, गोदावरी एवं क्षितिज ने सहयोग प्रदान किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी प्रियंका ने निभाई तथा लगभग 40 दिव्यांगजन एवं उनके परिजन विभिन्न योजनाओं हेतु पंजीकृत हुए, जबकि लगभग 250 लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



**नारनौल।** हुडीना स्कूल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस के ईशान व अंशुल की बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में दूसरी व तीसरी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस के विद्यार्थी आज जिला व प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि आरपीएस विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट में ईशान पुत्र नरेंद्र कुमार ने अपनी कैटेगरी में दूसरा रैंक तथा छात्र अंशुल पुत्र जितेंद्र कुमार ने कैटेगरी में तीसरा रैंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। इस संस्थान में 55 सीटें होती है। इस इंस्टीट्यूट से रिसर्च करने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी तरह से निःशुल्क तो होती ही है।



**महेंद्रगढ़।** ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। खेल स्टेडियम का निरीक्षण करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने खेल स्टेडियम का किया निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने सोमवार की सुबह खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। विधायक ने खेल स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों से बातचीत की और स्टेडियम की कमियों के बारे में जाना। विधायक ने खिलाड़ियों को पूरा आश्वासन दिया है कि जल्द ही खेल स्टेडियम की सुविधा को लेकर खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात कर कमियों को दुरुस्त करवाया जाएगा। बीजेपी सरकार खेलों को न केवल करियर के रूप में बल्कि जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, जिससे युवाओं में एकता, समर्पण और अनुशासन पैदा करता है। जिससे जिम्मेदार और गतिशील नागरिक बनने में मदद मिलती है।


महेंद्रगढ़। गांव में त्रिवेणी लगाते टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ममाज टीम ने रिवासा में लगाई त्रिवेणी

**महेंद्रगढ़।** मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्यों ने रिवासा में खेल मैदान में बड़, पीपल, नीम, बेलपत्र व आंवला का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण अभियान को साकार किया। पौधारोपण अभियान की शुरूआत करते हुए टीम सदस्य राजकुमार, अनूप रिवासा व रामफल ने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवित रहने के लिए भोजन जरूरी है, उतना ही हमारे जीवन में पेड़-पौधे भी महत्व रखते हैं। आज के भौतिक युग में मानव अपने निजी स्वार्थो के कारण पेड़ो की अंधा-धुंध कटाई कर रहा है, जो पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा है। ममाज सदस्य रामफल ने कहा की गर्मी का अधिक होना और बरसात का कम होना भी पेड़-पौधों की कमी का कारण है।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

**नारनौल।** हरियाणा सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना संचालित की जा रही है।

*पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में बोली सरपंच दीपिका*

# गांव माजरा खुर्द की सरपंच ने पंच के आरोपों को बताया बेबुनियाद, कहा-सभी कार्य नियमों के अनुसार किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव माजरा खुर्द की सरपंच दीपिका ने अपने ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि गांव के पंच द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, राजनीति से प्रेरित और छवि खराब करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी कार्य कानूनी दायरे और नियमानुसार ही किए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की


महेंद्रगढ़। प्रेसवार्ता करती माजरा खुर्द की सरपंच दीपिका। फोटो : हरिभूमि

गड़बड़ी नहीं हुई है। पेड़ कटाई के मामले पर सरपंच दीपिका ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत ने वन विभाग से विधिवत अनुमति लेकर ही पेड़ों की कटाई करवाई थी। गांव में कुछ पेड़ निर्माण कार्य में बाधा बन रहे थे, जिनकी बाकायदा बोली लगाई गई। इनकी बिक्री से जो भी आमदनी हुई, उसे पंचायत की कैश बुक में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया और इससे गांव के विकास कार्यों में भी गति मिली है। वहीं सरपंच बनने के बाद शादी को लेकर उठे सवालों पर भी दीपिका ने कहा कि यह आरोप पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का गांव में वोट नहीं हो तो वह चुनाव नहीं लड़ सकता। उनका गांव में वोट है और सभी जरूरी दस्तावेज पूरे होने के बाद ही उन्होंने पंचायत चुनाव लड़ा था। इस प्रकार यह मुद्दा भी सिर्फ विवाद पैदा करने के लिए उठाया जा रहा है। कबाड़ के सामान की बिक्री में गड़बड़ी के आरोपों पर सरपंच ने कहा कि कबाड़ का सामान पंचायत विभाग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बोली लगाकर बेचा गया था और इससे जो भी आमदनी हुई, उसे पंचायत के कैश रजिस्टर में दर्ज किया गया है। इसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं हुई है।

**बजट मिलते ही कार्य शुरू होगा**

गांव की लाइब्रेरी में जिम स्थापित करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पंचायत की ओर से इस कार्य के लिए तीन बार प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। जैसे ही बजट मंजूर होगा, इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया जाएगा ताकि गांव के युवाओं को बेहतर सुविधा मिल सके। पंच की ओर से सोलर लाइट की बैटरी बेचे जाने के आरोपों पर सरपंच दीपिका ने कहा कि यह आरोप भी पूरी तरह निराधार हैं। सभी बैटरियों का रिकॉर्ड पंचायत के स्टॉक रजिस्टर में मौजूद है। बिना तथ्य के लगाए गए ऐसे आरोप जनता को गुमराह करने के लिए हैं। उन्होंने बताया कि पंच द्वारा इस मामले में आरटीआई लगाई गई थी, लेकिन कई बार नोटिस भेजने के बावजूद उन्होंने निर्धारित फीस जमा नहीं करवाई। नियमों के अनुसार फीस जमा करवाने के बाद ही आरटीआई के दस्तावेज उपलब्ध करवाए जाते हैं। यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। प्रेस वार्ता के अंत में सरपंच दीपिका ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और उनकी छवि खराब करने की साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और सत्य के सामने आने पर सब कुछ साफ हो जाएगा। उनका लक्ष्य गांव का विकास करना है और वह किसी भी दबाव में आए बिना अपने कर्तव्यों का पालन करती रहेंगी।

### लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में हुई मीटिंग

# कल की हड़ताल में भाग लेंगे पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल के कर्मरी

*मीटिंग का मुख्य उद्देश्य नौ जुलाई को होने जा रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर उसे सफल बनाना रहा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 की ब्रांच कमेटी की मीटिंग लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान कपिल कुमार ने की। संचालन सचिव अनिल ने किया। इस मीटिंग में जिला प्रधान कौशल यादव, जिला सचिव विजेंद्र शर्मा एवं जिला कैशियर नरेंद्र कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य नौ जुलाई को होने जा रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर उसे सफल बनाना रहा। प्रधान


नारनौल। पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की मीटिंग को संबोधित करते प्रधान कपिल यादव। फोटो : हरिभूमि

कपिल यादव ने बताया कि कर्मचारियों की कुछ मांगें, जो पूरी नहीं हो पाई, उन पर भी विचार विमर्श किया गया।

उन्होंने बताया कि गत 28 अप्रैल को जो मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) ऑफिस में जो धरना दिया गया था। उस धरने के बाद कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिलाया था और समस्याओं का समाधान करवाया भी, लेकिन फिर भी कुछ समस्याएं अब भी बची हुई हैं।

उन समस्याओं को लेकर शिष्ट मंडल अधिकारी से मिला और उन्होंने आश्वासन दिया कि कुछ दिनों में इन समस्याओं का समाधान भी जल्द हो जाएगा। प्रधान कपिल ने बताया कि 9 जुलाई को होने जा रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सभी कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। सभी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान जल्द ही करवा दिया जाएगा। ग्राम सचिव अनिल कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारी एकता में रहे। यूनियन साथ खड़ी है। सभी कर्मचारी यूनियन की सदस्यता ग्रहण करें और संगठन मजबूती के लिए काम करें।

**लिपिक वर्गीय कर्मचारी भी लेंगे हिस्सा**

**महेंद्रगढ़।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में केंद्रीय ट्रेड यूनियन, सरकारी कर्मचारी परिसंघों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हेमसा खंड के पूर्व प्रधान सुनील पाल यादव ने की। हेमसा प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने कहा कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से लेकर एसीएस व शिक्षा मंत्री तक वार्ता बैठक कर चुके है। हर वार्ता बैठक में कर्मचारियों को केवल और केवल आश्वासन मिल है। कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा ने कहा लिपिक से अधीक्षक तक की वेतन विसंगतियों, लंबित एसीपी व पदोन्नति मामलों, वर्क लोड अनुसार नए पद सृजित करने, खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने, हरियाणा वेतन आयोग का गठन करने, निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन व एक्स ग्रेसिया नीति बहाल करने, आनलाइन तबादला नीति की समीक्षा एवं तत्काल स्थानांतरण करने, 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल का फैसला लागू करने सहित अनेक लंबित मांगों को लेकर राज्य प्रतिनिधि मंडल निदेशक, एसीएस व शिक्षा मंत्री से अनेक बार वार्ता बैठक और प्रदर्शन कर चुके है। लेकिन समस्याओं का कोई स्थाई समाधान नही हुआ। जिससे कर्मचारियों में सरकार व उच्च अधिकारियों के प्रति गहरा रोष है। इसलिए कर्मचारी नौ जुलाई को होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर अपनी नाराजगी जताएंगे।


महेंद्रगढ़। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारी महासंघ व रिटायर्ड कर्मचारी राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन से संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ व रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की जिला इकाई महेंद्रगढ़ की मीटिंग जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल के पार्क में हुई। मिटिंग का मुख्य उद्देश्य आगामी नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में शामिल होना था। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान रविंद्र कुमार ने की व मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया। प्रांतीय मुख्य संगठन कर्ता महेंद्र यादव ने बताया कि आने वाली नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में जिले के हजारों कर्मचारी पूरे जोर शोर से सरकार की गलत नितियों के खिलाफ हड़ताल में भाग लेंगे ओर सभी कर्मचारी, रिटायर्ड कर्मचारियों से अनुरोध किया कि सभी कर्मचारी नौ जुलाई को प्रातः 10 बजे हुड्डा पार्क में पहुंचे।

इस मौके पर सुभाष यादव, दीपक शांडिल्य, कृष्ण पुनिया, रविंद्र फौजी, रविंद्र कुमार, सुभाष यादव, कुलदीप, यशपाल, नरवीर, राजबीर, वेदप्रकाश, हैप्पी व सभी ब्रांच के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**ये हैं मुख्य मांग**

कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए और जब तक पक्का न किया जाए, तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करना, एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाया न जाए व जॉब सिक्योरिटी दी जाए, टर्म अपार्टमेंट के कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करना, दसवीं व आईटीआई के कर्मचारियों को टेक्निकल वेतनमान दिया जाए, कैश लैश मेडिकल लागू किया जाए, पुरानी पेंशन लागू की जाए, बिना शर्त के एक्सीग्रेशीया पॉलिसी लागू की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3000 किया जाए, कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष की जाए, 65,70,75 आयु उपरांत पेंशन बढ़ोतरी क्रमशः 5, 10, 15 प्रतिशत की जाए व श्रमिक, मजदूर, कर्मचारी पर लागू चार लेबर कोड को रद्द किया जाए सहित अनेक मांग हैं।

# महेंद्रगढ़ ने गढ़ी स्वच्छता की नई गाथा जन जन का अभियान बना प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में इन दिनों एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सघन स्वच्छता अभियान अब केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन जन के हृदय में उतर चुका एक ऐसा संकल्प बन गया है, जो प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान और हरियाणा के मुख्यमंत्री के स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा के स्वप्न को मूर्त रूप दे रहा है। यह अभियान जिले के प्रत्येक नागरिक को अपने साथ जोड़कर स्वच्छता के प्रति एक नई अलख जगा रहा है। इसकी गूंज अब हर गली मोहल्ले में सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में सोमवार को


नारनौल। सफाई अभियान के तहत सफाई करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

निवाजनगर, सुरजनवास, नापला, सिलारपुर, खेड़ी, ढाणी कुम्हारण, इसराना जैसे गांवों में ग्रामीणों ने जिस उत्साह और सहभागिता से इस अभियान में हिस्सा लियाए वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब समुदाय मिलकर किसी लक्ष्य को ठान ले तो उसे हासिल करना असंभव नहीं। उनकी यह सक्रियता दर्शाती है कि स्वच्छता अब उनके जीवनशैली का एक हिस्सा बन चुकी है। जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने इस अनूठी और प्रभावी पहल की सराहना करते हुए बताया कि स्वच्छता केवल बीमारियों से बचाव का कवच नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत स्वास्थ्य खर्चों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को भी काफी हद तक कम करती है।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दूरदर्शी नेतृत्व में महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सघन स्वच्छता अभियान पूरी तरह से जन केंद्रित बना रहे। इस विशिष्ट अभियान का प्राथमिक उद्देश्य महेंद्रगढ़ को स्वच्छता और उत्तम स्वास्थ्य के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है और यह मिशन आगामी कई हफ्तों तक निरंतर जारी रहेगा।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीराम सेवा समिति की ओर से श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव एवं भंडारा सोमवार आयोजित किया गया। इस दौरान सुबह हवन, दोपहर में भंडारा और सुंदर कांड भी हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक भगवान से अरदास की।

समिति के अध्यक्ष हरिराम सैनी ने बताया कि 19वें वार्षिकोत्सव के तहत सुबह हवन यज्ञ हुआ। इसमें पंडित अमित कुमार शर्मा सपत्नी यजमान रहे। वहां मौजूद समिति सदस्य व अन्य श्रद्धालुओं ने आहूति डालकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद अमृतमय भंडारा आरंभ हुआ जो शाम तक



नारनौल। पंचमुखी हनुमान मूर्ति व भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण।

जारी रहा। इस बीच सुंदर कांठ का भी आयोजन किया गया। इसमें निरंजन सैनी सपत्नी मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जीआईसीई संचालक श्यामलाल सैनी की भी उपस्थिति रही। इस मौके पर समिति के प्रधान हरिराम सैनी, संरक्षक धर्मपाल सैनी, उपप्रधान महिपाल सैनी, कोषाध्यक्ष मदनलाल सैनी, सह सचिव चुन्नीलाल मिस्त्री, पवन कुमार साइकिल वाला, पवन कुमार खन्ना, निरंजन लाल सैनी, रघुवीर सैनी, जयसिंह सैनी, पवन कुमार जेई, ओमप्रकाश सैनी आदि मौजूद थे।

# घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले का नहीं पूछा जाएगा नामः ट्रैफिक एसएचओ



नारनौल। सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देते एसएचओ अनिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रोड रूल्स लाइफ टूल्स अभियान के तहत सोमवार को पंचायत भवन में टैक्सी स्टैंड के सभी टैक्सी चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया। इस अवसर पर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सहायक सचिव बृजभूषण ने अपने वक्तव्य में कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान चलाया जा रहा है, इसमें आप सभी की अहम भागीदारी जरूरी है। सभी उपस्थित टैक्सी चालक आज यह प्रण लें कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करेंगे।

इस अवसर पर यातायात एसएचओ अनिल कुमार ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाली जुर्माना राशि व सजा के प्रावधान के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय व राज्य मार्ग पर वाहन की गति सीमा, शीट बेल्ट और लेन पर चलने के नियमों का भी दृढ़ता से पालन करें। सभी उपस्थित ड्राइवरों से आग्रह किया कि वो यातायात के नियमों का पालन पुलिस के भय से नहीं अपितु स्वयं और दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए यातायात नियमों को अपने जीवन में ढालें।

**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की दिलाई शपथ**

डिविजनल कमांडर टेकचंद यादव ने टैक्सी चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्रतिवर्ष सड़क हादसों में 15 लाख लोग घायल हो जाते हैं, वहीं पांच लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि अगर कोई दुर्घटनाग्रस्त घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे इनाम दिया जाएगा और अस्पताल में पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस किसी तरह के बयान के लिए दबाव नहीं डालेगी। उन्होंने यातायात के आदेशात्मक संकेत चेतावनी वाले संकेत व सूचनात्मक संकेतों के बारे में भी विस्तार से बताया। अधिवक्ता अजय पांडेय ने बताया कि वाहन चलाने के लिए वाहन का रजिस्ट्रेशन, उचित ड्राइविंग लाइसेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस सर्टिफिकेट आवश्यक कागजात होने जरूरी हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर दलेल सिंह, विजय यादव, प्रदीप यादव, करण सिंह, ब्रिगेड ऑफिसर पवित्रा यादव मौजूद थी।

### चोरों ने 7 दुकानों को बनाया निशाना, सामान किया चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने सात दुकानों को अपना निशाना बनाकर वहां से हजारों रुपये का सामान चुरा ले गए। वहीं चोर दो हजार रुपये की नकदी भी चुराकर ले गए। इस बारे में पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस में शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के सिंघाना रोड बाईपास पर चोरों ने रविवार रात को पांच दुकानों का ताला तोड़ा व दो दुकानों का शटर उखाड़ दिया। यहां पर चोरों ने सैनी ज्यूस कार्नर, सैनी मिष्ठान भंडार, मुकेश रसगुल्ला भंडार, सैनी आटा चक्की, ईश्वर इन्वर्टर बैटरी तथा एक सब्जी की दुकान से चोरी की। सैनी ज्यूस कार्नर के गौतम सैनी ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से एक इन्वर्टर बैटरी, एक रसोई गैस सिलेंडर, एक ज्यूसर ग्राइंडर व करीब 500 रुपये चुरा लिए। वहीं मुकेश रसगुल्ला भंडार से दो रसोई गैस सिलेंडर, एक ज्यूसर ग्राइंडर, सैनी आटा चक्की का केवल ताला ही तोड़ पाए। यहां चोरों को कुछ भी सामान नहीं मिला। सब्जी की दुकान से भी चोर केवल 500 रुपये ही चुरा पाए। सैनी मिष्ठान भंडार से चोर शटर तोड़कर सिलेंडर चुरा ले गए। इन्वर्टर बैटरी की दुकान से भी चोरों ने शटर तोड़कर पुराने इन्वर्टर व बैटरी चुरा लिए। गौतम सैनी ने बताया कि चोरी की घटना उन्हें सुबह पता चली।


नारनौल। चेयरपर्सन को मांग पत्र सौंपते आरडब्ल्यूए। फोटो : हरिभूमि

## आरडब्ल्यूए ने कार्यालय खोलने के लिए हुडा के कम्यूनिटी सेंटर की रखी डिमांड

**नारनौल।** शहर में हुडा सेक्टर में कम्यूनिटी सेंटर है। इसमें रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) अपना कार्यालय स्थापित करवाना चाहती है। इसी डिमांड के लिए सोमवार आरडब्ल्यूए ने नगर परिषद के चेयरपर्सन कमलेश सैनी व ईओ दीपक गोयल से मुलाकात की। उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। इस मांग पत्र के माध्यम से आरडब्ल्यूए प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि हुडा नारनौल के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से हुडा सेक्टर में स्थित कम्यूनिटी सेंटर के भीतर एक कार्यालय स्थान के स्थायी आवंटन की डिमांड है। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए कल्याणकारी गतिविधियों के समन्वय, स्थानीय शिकायतों के समाधान और निवासियों की भलाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है हालांकि एक समर्पित कार्यालय स्थान की अनुपस्थिति नियमित बैठकें आयोजित करने, दस्तावेज बनाए रखने और निवासियों को समय पर सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता में बाधा डालती है। हमारा मानना है कि हुडा सेक्टर में कम्यूनिटी सेंटर इस कार्यालय की स्थापना के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है, क्योंकि यह सभी निवासियों के लिए सुलभ है। वहां एक स्थायी कार्यालय हमारे कार्यों की दक्षता और पारदर्शिता को बहुत बढ़ाएगा।

***सीवरेज ओवरफ्लो व बेसहारा पशुओं की समस्या हो दूरः*** रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने ईओ के नाम एक शिकायत पत्र दिया। इसमें बताया गया कि हुडा सेक्टर के लोग लंबे समय से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से परेशान है। इसके अलावा हुडा सेक्टर में बेसहारा पशुओं की भी भरमार है। इन पशुओं को पकड़कर गोशाला में भेजा जाए।